समाचार

जब आयुक्त ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों से पूछा – क्या होता है गीला व सूखा कचरा, इसे कैसे रखते हैं डस्टबिन में

बच्चों ने दिया सटीक उत्तर –गीले व सूखे कचरे की दी जानकारी, बताया – गीला कचरा हरा डस्टबिन में तथा सूखा कचरा नीले डस्टबिन में रखते हैं

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय पहुंचे स्लम बस्ती राजीवनगर व ग्राम्य बस्ती भिलाईखुर्द, संचालित की जा रही मेगा स्वच्छता ड्राईव का किया निरीक्षण)

कोरबा 25 फरवरी 2025 – नगर निगम कोरबा के दर्री जोन की स्लम बस्ती राजीव नगर पहुंचे आयुक्त ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों से पूछा कि गीला एवं सूखा कचरा क्या होता है तथा उसे किस–किस रंग के डस्टबिन में अलग–अलग रखा जाता है, तो बच्चों ने सटीक उत्तर देते हुए गीला व सूखा कचरा की जानकारी दी तथा बताया कि गीला कचरा हरे डस्टबिन में व सूखा कचरा नीले में डस्टबिन में रखते हैं। आयुक्त ने फिर पूछा – कचरा कहॉ डालते हो, तो बच्चों ने बताया कि रिक्शा लेकर दीदियॉ घर में आती है, तो हमारी मॉ उनके रिक्शें में ही कचरे को देती हैं। बच्चों के जवाब पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने उन्हें चाकलेट दी तथा पीठ थपथपा कर शाबाशी दी। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय स्वच्छता महाअभियान के तहत संचालित की जा रही मेगा स्वच्छता ड्राईव का निरीक्षण करने आज स्लम बस्ती राजीव नगर व ग्राम्य बस्ती भिलाईखुर्द पहुंचे थे। राजीवनगर बस्ती में भ्रमण के दौरान अपने विद्यालय जा रहे प्राथमिक स्कूल के बच्चों से उन्होने उक्त प्रश्न किए तथा बच्चों ने सटीक जवाब दिया। यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता महाअभियान के तहत विभिन्न वार्ड एवं बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जा रही है, इसी कड़ी में आज निगम के दर्री जोनांतर्गत राजीव नगर स्याहीमुड़ी वार्ड व कोरबा जोनांतर्गत भिलाईखुर्द वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई तथा एक विशेष अभियान के रूप में व्यापक स्तर पर साफ–सफाई के कार्य कराए गए। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई,

सड़कों के किनारे बर्म, झाड़ियॉ आदि की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव आदि के साथ–साथ स्ट्रीट लाईट, पेयजल, मरम्मत व सुधार कार्य आदि से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कराया गया।

वार्डो में लगाएं आवश्यक जानकारी के बोर्ड – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम के सभी वार्डो में ऐसे बोर्ड स्थापित कराएं जिनमें उक्त वार्ड के माननीय पार्षद का नाम एवं मोबाईल नम्बर के साथ–साथ वार्ड में सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट (विद्युत) व राजस्व के निगम के वार्ड प्रभारियों के नाम व मोबाईल नम्बर अंकित हों, ताकि इनसे जुड़ी समस्याओं के लिए वार्डवासी संबंधित वार्ड प्रभारियों को कॉल कर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित किया जा सके।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी की समस्याएं होंगी दूर – इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने भिलाईखुर्द वार्ड के अंतर्गत आने वाली हाउसिंग बोर्ड कालोनी बरबसपुर पहुंचे, उन्होने वहॉ के साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, कालोनी में रहने वाले नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना तथा कालोनी की पेयजल समस्या, स्ट्रीटलाईट, सीवर लाईन मरम्मत आदि से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के रहवासियों से कहा कि उन्हे निगम कार्यो से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो तत्काल टोल फ्री नम्बर 1100 में कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं अथवा निगम के संबंधित अधिकारियों को कॉल कर अपनी समस्या बताएं, समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा।

बस्तीवासियों से पूछा – प्रतिदिन कचरा रिक्शा आता है या नहीं – बस्तियों में भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से पूछा कि उनके घर, गली में कचरा लेने के लिए निगम का सफाई रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, साफ–सफाई के कार्य नियमित रूप से होते हैं या नहीं। बस्तीवासियों ने बताया कि कचरा लेने के लिए निर्धारित समय पर स्वच्छता दीदियॉ अपना रिक्शा लेकर आती है, हम उनके रिक्शें में कचरा देते हैं तथा वे कचरा लेकर जाती है।

सड़क, नाली में न डालें कचरा – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे घरों से निकले कचरे को सड़क, नाली आदि में न डालें, सूखा व गीला कचरा पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही पृथक–पृथक कचरे को दें। उन्होने बस्तियों में स्थित दुकान संचालकों से कहा कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा दुकानों में पहुंचने वाले ग्राहकों को डस्टबिन में ही अपशिष्ट डालने को कहें।

महाअभियान के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता विनोद कुमार शांडिल्य, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता एस.सी.सोनी, पीयूष राजपूत, यशवंत जोगी, अभय मिंज, रितेश सिंह, शैलेन्द्र नामदेव, पीआईयू.धनमोहन, पंकज गभेल सहित निगम के सफाई मित्र, स्वच्छता दीदियॉ, स् वच्छता कमांडों आदि ने अपनी सहभागिता दी।